TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

07 सितंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

यदि आप प्रयास करने जा रहे हैं तो पूरी कोशिश करें अन्यथा शुरू भी न करें।

चार्ल्स बुकोव्स्की



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 07 सितम्बर

1. **अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस–** संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने 19 दिसम्बर, 2019 को वर्ष 2020 से हर साल 07 सितम्बर को नीले आसमान के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस' मनाने का निर्णय लिया था। इस दिवस का उद्देश्य वायु की गुणवत्ता में समग्र सुधार लाने का प्रयास करना है। बड़े बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा, लंग्स कैंसर, श्वसन संबंधी संक्रमण, आँखों में जलन, एलर्जी जैसी बीमारियां होती है।

2. **इन्क्यूवेटर का प्रथम उपयोग–** वर्ष 1888 में नवजात शिशु की देखभाल के लिए बेबी इन्क्यूवेटर का प्रथम उपयोग स्टेट एमिग्रांट हॉस्पिटल, न्यूयार्क में किया गया। इन्क्यूबेटर एक ऐसी उपकरण है जो नवजात शिशु के लिए उपयुक्त तापमान और आर्द्रता बनाये रखती है। इसका उपयोग समय पूर्व जन्मे नवजात शिशुओं के देखभाल के लिए किया जाता है।

3. **ब्राजील की स्वतंत्रता–** ब्राजील दक्षिण अमेरिका का सबसे विशाल एवं महत्त्वपूर्ण देश है। दक्षिण अमेरिका के मध्य से लेकर अटलांटिक महासागर तक फैली हुई इस देश की सबसे महत्वपूर्ण नदी अमेजन है। 7 सितम्बर, 1822 ई. को ब्राजील को पुर्तगाल से स्वतंत्रता की घोषणा की गई। इसकी प्रमुख भाषा पुर्तगाली है। इसका देश का सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल है। ब्राजील संतरे, कॉफी, चीनी, गन्ना, कसावा, सोयाबीन और पपीता के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

4. **बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना–** बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना मुम्बई के प्रतिष्ठित व्यवसायियों के द्वारा 7 सितम्बर, 1906 ई. को मुम्बई में की गई थी। यह बैंक जुलाई 1969 ई. तक निजी स्वामित्व में था और 13 अन्य बैंकों के साथ इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।

5. **इंटरपोल की स्थापना–** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन, जिसे आमतौर पर इंटरपोल के नाम से जाना जाता है का गठन 7 सितम्बर, 1923 ई. को ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना में किया गया था। यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो दुनिया भर में पुलिस सहयोग और अपराध नियंत्रण की सुविधा प्रदान करता है।

- **क्या आप जानते हैं?**
  बंगाल के कांतलपाड़ा गांव में बंकिम चंद्र चटर्जी ने राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' की रचना की थी। बंग–भंग आंदोलन में 'वन्दे मातरम्' राष्ट्रीय नारा बना।

S a t u r d a y

मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस



19 दिसंबर 2019 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 7 सितंबर को नीले आसमान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस मनाने का प्रस्ताव स्वीकार किया था। वायु प्रदूषण की समस्या को रेखांकित करते हुए 2014 मैं सरकार ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की निगरानी शुरू की थी और आज आठ मानकों पर प्रदुषण के स्तर पर नजर रखी जा रही है। केन्दीय पर्यावरण मंत्री के अनुसार देश में अब बीएस-VI मानकों को अपनाया गया है और गुणवत्ता वाले पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराए गए हैं,जो प्रदुषण से लडने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। पिछले कुछ सालों में सरकार द्वारा सड़कों और राजमार्गो का निर्माण रिकार्ड गति से किया जा रहा है और इसके कारण पिछले समय की तुलना में प्रदुषण कम हो रहा है। भविष्य में हम प्रदुषण मुक्त रहे इसी जागरूकता को लेकर इस दिवस की महत्व को समझ सकते हैं।

# जयंती विशेष 07 सितंबर

राकेश कुमार




**नीरजा भनोट** *Neerja Bhanot*, जन्म: 7 सितंबर, 1963; 5 सितंबर, 1986) मुंबई में पैन ऐम एअरलाइन्स की विमान परिचारिका थीं। 5 सितंबर, 1986 के पैन ऐम उड़ान 73 के अपहृत विमान में यात्रियों की सहायता एवं सुरक्षा करते हुए वे आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गईं थीं। नीरजा वास्तव में स्वतंत्र भारत की महानतम वीरांगना थीं।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 07.09.2024

## अशोक चक्र

अशोक चक्र भारत का शांति के समय दिया जाने वाला सबसे ऊँचा वीरता पदक है। यह सम्मान सैनिकों और असैनिकों को असाधारण वीरता, शूरता या बलिदान के लिए दिया जाता है। यह मरणोपरान्त भी दिया जा सकता है। अशोक चक्र राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



स्विट्जरलैंड में निर्मित सोलर इम्पल्स 2 दुनिया का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा चालित विमान है, जिसने केवल सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके विश्व भर में 40,000 किलोमीटर की उड़ान भरकर कीर्तिमान स्थापित किया है।

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## cricket



## टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक




### टॉप-5 ऑलटाइम

| बल्लेबाज | मैच | रन | शतक |
|---|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर (भारत) | 200 | 15921 | 51 |
| जैक कैलिस (साउथ अफ्रीका) | 166 | 13289 | 45 |
| रिकी पोंटिंग (ऑस्ट्रेलिया) | 168 | 13378 | 41 |
| कुमार संगकारा (श्रीलंका) | 134 | 12400 | 38 |
| राहुल द्रविड़ (भारत) | 164 | 13288 | 36 |

### टॉप-5 एक्टिव प्लेयर

| बल्लेबाज | मैच | रन | शतक |
|---|---|---|---|
| जो रूट (इंग्लैंड) | 145 | 12377 | 34 |
| केन विलियमसन (न्यूज़ीलैंड) | 100 | 8743 | 32 |
| स्टीव स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया) | 109 | 9685 | 32 |
| विराट कोहली (भारत) | 113 | 8848 | 29 |
| चेतेश्वर पुजारा (भारत) | 103 | 7195 | 19 |



विमान परिचारिका, जिन्होंने यात्रियों की रक्षा करने करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

# नीरजा भनोट

की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

7 सितंबर 1963 - 5 सितंबर 1986

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# नीले आसमान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

**7 सितंबर**



**आइए वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को अपनाकर हम नीले आसमान को संरक्षित करने का संकल्प लें।**

Madhu priya

साहित्य के लगभग सभी
विधाओं में प्रचुर लेखन
करने वाले लेखक

## सुनील गंगोपाध्याय

की जयंती पर सादर
नमन।



जन्म-07 सितम्बर 1934
निधन-23 अक्तूबर 2012

Madhu priya

7 सितंबर

# बैंक ऑफ़ इंडिया
# Bank of India

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## बैंक ऑफ इंडिया स्थापना दिवस

की समस्त उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

07 सितंबर



यात्रियों के जीवन रक्षा के लिए
अपने प्राण न्यौछावर करने वाली
अशोक चक्र से सम्मानित

# नीरजा भनोट


की जयंती पर उन्हें सादर नमन

7 सितंबर 1963 - 5 सितंबर 1986

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

7 सितंबर



संस्कृत के विद्वान व महान दार्शनिक

पद्म विभूषण से सम्मानित

# गोपीनाथ कविराज


की जयंती पर उन्हें सादर नमन

7 सितंबर 1887 - 12 जून 1976

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

7 सितंबर



# ॥ गणेश चतुर्थी ॥

की हार्दिक शुभकामनाएं

पुनीता कुमारी

# अर्द्धवार्षिक
# परीक्षा कार्यक्रम 2024

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय: 10.00 पू. से 12.00 अप. | द्वितीय पाली<br>समय: 01.00 अप. से 03.00 अप. |
|---|---|---|
| 18.09.2024<br>( बुधवार ) | पर्यावरण अध्ययन/ सामाजिक विज्ञान<br>(कक्षा III से VIII के लिए) | विज्ञान<br>(कक्षा VI - VIII के लिए) |
| 19.09.2024<br>( गुरुवार ) | राष्ट्रभाषा हिन्दी<br>(कक्षा III - VIII के लिए) | संस्कृत /अन्य<br>(कक्षा VI - VIII के लिए) |
| 20.09.2024<br>( शुक्रवार ) | सह-शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन<br>(मकतब /मदरसा विद्यालयों को छोड़कर सभी विद्यालयों के लिए) | |
| 21.09.2024<br>( शनिवार ) | भाषा (हिन्दी/उर्दू)<br>(कक्षा I - V के लिए) | भाषा (हिन्दी/उर्दू)<br>(कक्षा VI - VIII के लिए) |
| 22.09.2024<br>( रविवार ) | सह-शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन<br>(मकतब /मदरसा विद्यालयों के लिए) | |
| 23.09.2024<br>( सोमवार ) | अंग्रेज़ी<br>(कक्षा I-V के लिए) | अंग्रेज़ी<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 24.09.2024<br>( मंगलवार ) | गणित<br>(कक्षा I-V के लिए) | गणित<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org